तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 18 जुलाई 2025

11 नागरिक अस्पताल में दिव्यांगों के बैठने रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए बनेगा कमरा



12 सीबीएसई नॉर्थ जोन-2 तीरंदाजी चैंपियनशिप में प्रदेश का दबदबा



## खबर संक्षेप

### मोबाइल फोन छीनने वाला आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना सोनीपत पुलिस ने मोबाइल फोन छीनने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विकास उर्फ छोटा निवासी प्रगति नगर सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। लाल दरवाजा निवासी रोहित ने गत 18 अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह लाल दरवाजा के पास पहुंचा। उसी दौरान पीछे से एक बाइक पर दो व्यक्ति आए। उससे उसका मोबाइल फोन छीन लिया। विरोध करने पर उसे धक्का देकर गिरा दिया। जिससे वह गिरकर घायल हो गया।

### संदिग्ध हालत में युवती लापता

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र के दीपालपुर गांव से संदिग्ध परिस्थितियों में युवती लापता होने का मामला सामने आया है। युवती के परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एक युवती संदिग्ध हालत में घर से लापता हो गई। परिजनों ने बताया कि उन्होंने अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। परिजनों ने आशंका जताई है कि उनकी बेटी को किसी ने अज्ञात जगह पर बंधक बनाकर रखा हुआ है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### गन्नौर व बड़ी थाना प्रभारियों का तबादला

**गन्नौर।** गन्नौर व बड़ी थाना के प्रभारी का तबादला कर दिया गया है। गन्नौर थाना में निरीक्षक जसपाल सिंह के स्थान पर निरीक्षक धीरज कुमार ने प्रभारी का पद संभाल लिया है वहीं बड़ी थाना प्रभारी निरीक्षक के तबादले के बाद निरीक्षक महेश कुमार ने भी प्रभारी पद संभाल लिया। थाना गन्नौर के इंचार्ज निरीक्षक धीरज कुमार ने कार्यभार संभालने के बाद पुलिस कर्मचारियों की बैठक ली। थाना प्रभारी ने पुलिस कर्मचारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र में अपराधिक वारदातों पर अंकुश लगाने को कड़े कदम उठाए जाएं।

### कांग्रेस सेवा दल के पदाधिकारियों का स्वागत

**सोनीपत।** जिला कांग्रेस सेवादल द्वारा कांग्रेस भवन सोनीपत में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम शुक्रवार सुबह साढ़े नौ बजे आयोजित किया जाएगा। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता राकेश सौदा एडवोकेट ने कहा कि इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों को उनके दायित्वों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी ताकि कांग्रेस पार्टी को सेवादल के माध्यम से समाज के अन्तिम छोर तक मजबूत किया जा सके।

## प्रदेश भर में दूसरे स्थान पर रहा सोनीपत, पहली बार मिली तीन स्टार रेटिंग

# नगर निगमः मिला मिनिस्ट्रियल स्टार अवॉर्ड, स्वच्छता में देशभर में 38वां स्थान

### पिछली बार देशभर में 260वें स्थान पर रहा था सोनीपत, इस बार लगाई लंबी छलांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

- शहरी विकास मंत्रालय ने नई दिल्ली में नगर निगम को दिया मिनिस्ट्रियल स्टार अवार्ड

स्वच्छता के क्षेत्र में सोनीपत नगर निगम ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। शहरी विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 में नगर निगम सोनीपत को 'मिनिस्ट्रियल स्टार अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित भव्य समारोह में केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल ने निगम प्रतिनिधियों को यह पुरस्कार प्रदान किया। इस सम्मान के साथ ही सोनीपत को देशभर में 38वां और हरियाणा में दूसरा स्थान मिला है। खास बात यह रही कि पिछले वर्ष नगर निगम को राष्ट्रीय स्तर पर 260वीं रैंक प्राप्त हुई थी, जबकि इस बार सीधे 38वें पायदान पर पहुंचकर नगर ने राज्य में स्वच्छता के मामले में एक मिसाल कायम की है। नगर निगम के बेहतर कार्यों को मान्यता देते हुए पहली बार सोनीपत को कूड़ा मुक्त शहरों की श्रेणी में तीन स्टार रेटिंग से नवाजा गया है। इससे पूर्व वर्ष 2023 के सर्वेक्षण में नगर को केवल एक स्टार मिला था। स्वच्छता रिपोर्ट के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर निगम ने शहर की सफाई व्यवस्था में बड़ा सुधार किया है। डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई, कूड़ा प्रसंस्करण और डंपिंग प्वाइंट्स के उन्मूलन जैसे क्षेत्रों में बेहतरीन काम हुआ है। मिनिस्ट्रियल स्टार अवॉर्ड लेने के लिए मेयर राजीव जैन, निगम आयुक्त हर्षित कुमार, संयुक्त आयुक्त मीतू धनखड़, मुख्य सफाई निरीक्षक साहब सिंह, सतेंद्र कुमार, सफाई कर्मचारी विनोद, राजू और अमित ने विज्ञान भवन में शिरकत की। बता दें कि नगर निगम द्वारा सफाई व्यवस्था को बनाए रखने के लिए निजी कंपनी जेबीएम को डोर टू डोर कूड़ा उठान और सड़क सफाई के लिए प्रतिमाह 1.80 करोड़ रुपये दिए जा रहे हैं। वहीं ठेका सफाई कर्मचारियों का 70 लाख रुपये प्रतिमाह का बजट निर्धारित है।



**सोनीपत।** नई दिल्ली में आयोजित समारोह में मिले अवार्ड के साथ मेयर राजीव जैन, निगम आयुक्त एवं अन्य अधिकारी।

### सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार इस प्रकार मिले हैं अंक

- घर-घर कूड़ा एकत्रीकरण में 98%
- कूड़े की छंटाई में 69%
- अपशिष्ट प्रसंस्करण में 99%
- डंप साइट सुधार में 100%
- आवासीय व मार्केट क्षेत्रों की सफाई में 100%
- जल निकायों की स्वच्छता में 100%
- सार्वजनिक शौचालयों की सफाई में 83% अंक मिले हैं।

### गन्नौर स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रदेश में 19वें स्थान पर

**गन्नौर।** गन्नौर नगरपालिका ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेशभर में 19वां स्थान हासिल किया है। पिछले वर्ष गन्नौर 25वें स्थान पर था, जबकि इस बार 6 पायदान की छलांग लगाई है। साथ ही गन्नौर को कचरा मुक्त शहरों की श्रेणी में 1-स्टार रेटिंग भी प्राप्त हुई है। यह उपलब्धि शहर में कचरा निस्तारण, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन और साफ-सफाई के बेहतर प्रबंधन का परिणाम है। नगर में जेबीएम कंपनी द्वारा ठोस कचरा प्रबंधन का कार्य किया जा रहा है, जिसके चलते कूड़ा उठाने और निस्तारण में सुधार हुआ है। नगरपालिका पोषण मलिक ने बताया कि ने इस उपलब्धि के लिए नपा सफाई कर्मियों को भी दिया है। उन्होंने शहर में साफ सफाई में बेहतरीन कार्य किया। वहीं शहरवासियों के सहयोग से गन्नौर को स्वच्छता में और भी बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि गन्नौर नगरपालिका अब 3-स्टार रेटिंग के लक्ष्य को हासिल करने की तैयारी में जुटे हैं।

### यह पूरे शहर की जीत

मेयर राजीव जैन ने इस उपलब्धि को शहरवासियों और निगम कर्मचारियों की संयुक्त मेहनत का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता में यह सम्मान सोनीपत की सोच, सहभागिता और संकल्प का प्रमाण है। आने वाले वर्षों में हम इसे देश के टॉप-10 शहरों में शामिल करेंगे। यह उपलब्धि न सिर्फ नगर निगम की कार्यक्षमता की मिसाल है, बल्कि यह दिखाती है कि इच्छाशक्ति, जनभागीदारी और ठोस रणनीति से कोई भी शहर सफाई के मामले में शीर्ष पर पहुंच सकता है।

### गोहाना नप को प्रदेश में 6वां व देश में 123वां स्थान मिला

गोहाना। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा 2024-25 का स्वच्छता सर्वेक्षण जारी किया गया। नगर परिषद (नप) गोहाना को प्रदेश में छठा और देश में 123 वां स्थान मिला। नप को घरों में लोगों द्वारा कचरा अलग-अलग न करने पर कम अंक मिले। पिछले साल नगर परिषद की कैटेगरी में गोहाना को प्रदेश में प्रथम स्थान मिला था। नगर परिषद गोहाना को डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन में 64 प्रतिशत अंक मिले तो कचरा निस्तारण में शत प्रतिशत अंक मिले। जीएफसी स्टेटस में कोई स्टार नहीं मिला जबकि अधिकतर लोगों द्वारा घरों में कचरा अलग-अलग न करने पर 21 प्रतिशत अंक मिले। ओडीएफ स्टेटस में वाटर प्लस मिला। इस तरह से राज्य में छठा स्थान मिला। नगर परिषद गोहाना को 50 हजार से तीन लाख की आबादी की श्रेणी में यह रैंक मिली। पहले नगर निगमों और नगर परिषदों की अलग-अलग स्वच्छता रैंकिंग जारी की जाती थी। तब नगर परिषद गोहाना 50 हजार से एक लाख की आबादी की श्रेणी में आता था। इस बार रैंकिंग में आबादी को बढ़ाया गया और प्रदेश में ओवरआल रैंकिंग जारी की गई। नगर परिषद को इससे पहले दो बार प्रदेश में पहली रैंकिंग मिली थी।

### 51 थे कचरा प्वाइंट, कम कर 20 किए

नगर निगम ने पूर्व आयुक्त विश्राम कुमार मीणा की पहल पर शहर के बीच बने पुराने कचरा प्वाइंट्स को हटाकर उन्हें सौंदर्य स्थलों में बदला। ओल्ड डीसी रोड के कच्चे क्वार्टर में बने डंपिंग को हटाकर वहां फव्वारों के साथ सेल्फी प्वाइंट बनाया गया। बस अड्डे के पास बनी दीवार को संवार कर वहां हरियाली विकसित की गई और 'आई लव सोनीपत' जैसे आकर्षक स्थल तैयार किए गए। पहले जहां शहर में 51 कचरा प्वाइंट थे, अब उनकी संख्या घटाकर 20 कर दी गई है।



**सोनीपत।** छात्रावास की आधारशिला रखते हुए प्रदेश के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा साथ में संघ के पदाधिकारी।

## सेवा भारती ने सोनीपत में सातवें छात्रावास की रखी नींव

- कृषि मंत्री ने किया भूमि पूजन
- प्रांतीय संघ संचालक प्रताप ने की अपील, पुनीत कार्य में भागीदार बनें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

सेवा भारती द्वारा सोनीपत में अपने सातवें छात्रावास की आधारशिला रखी गई। भूमि पूजन कार्यक्रम में हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और निर्माण कार्य की विधिवत शुरुआत की। यह छात्रावास उन बच्चों के लिए समर्पित होगा जो समाज के अभावग्रस्त, वंचित और अपेक्षित वर्गों से आते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री कविता जैन ने की। उन्होंने सेवा भारती के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था समाज के अंधकार को दूर कर संस्कार, शिक्षा और आत्मनिर्भरता की ज्योति जला रही है। उन्होंने छात्रावास के निर्माण और संचालन में पूर्ण सहयोग का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में उत्तर क्षेत्र सेवा प्रमुख कृष्ण ने जानकारी दी कि सेवा भारती पूरे देश में विभिन्न सेवा प्रकल्पों के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा स्वावलंबन के क्षेत्र में 17, स्वास्थ्य के क्षेत्र में 18 और सामाजिक क्षेत्र में 17 प्रकार के सेवा कार्य किए जा रहे हैं। 'सेवा बस्तियों' के माध्यम से वंचित व घुमंतू समाज के परिवारों को भी मुख्यधारा में जोड़ा जा रहा है। हरियाणा में सेवा कार्यों की शुरुआत 1980 में जींद जिले से हुई थी और आज यह सभी जिलों में सक्रिय है।

प्रांत संघ संचालक प्रताप ने नगरवासियों से अपील की कि वे इस छात्रावास के निर्माण से लेकर संचालन तक की पूरी जिम्मेदारी निभाएं और इस पुनीत कार्य में भागीदार बनें। सेवा भारती हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. यशदेव त्यागी ने कृषि मंत्री सहित सभी गणमान्य अतिथियों के योगदान और उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया।

## ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मी को पीटा

**खरखौदा।** लहराडा गांव निवासी सलीम, जो मारुति कंपनी में एक सिक्योरिटी एजेंसी के तहत सुपरवाइजर के पद पर तैनात है। 5 जुलाई को अपनी ड्यूटी पर था। उसी समय कंपनी के ही तीन साथी कर्मचारियों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी के बाद तीनों ने मिलकर सलीम के साथ मारपीट की। सलीम ने बताया कि जब उसने शोर मचाया तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई। उसने बताया कि तीनों आरोपी कंपनी में ही काम करते हैं। घटना के बाद सलीम को चोटें आईं। उसे इलाज के लिए सिविल अस्पताल लाया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## खुर्रमपुर में मक्का की खेती पर किसानों को दी कीट एवं रोग प्रबंधन की जानकारी

- कृषि अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह, सहायक तकनीकी प्रबंधक नरेश ने किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राई

गांव खुर्रमपुर, ब्लॉक राई में मक्का की खेती पर केंद्रित किसान खेत पाठशाला का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिले के कृषि अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह, सहायक तकनीकी प्रबंधक नरेश, ग्राम सरपंच नरेश कुमार ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात उपस्थित अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने किसानों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें मक्का की उन्नत खेती, रोग-कीट नियंत्रण, फसल सुरक्षा, एवं आधुनिक कृषि पद्धतियों की जानकारी दी। कृषि अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ग्मक्का एक महत्वपूर्ण अनाज फसल है जो पोषण और पशु आहार दोनों के लिए अत्यंत आवश्यक है। लेकिन इसके उत्पादन में कई प्रकार की चुनौतियाँ आती हैं, तना भेदक, पत्ती झुलसा रोग, कीड़ों का प्रकोप आदि। उन्होंने किसानों को मक्का की वैज्ञानिक तरीके से बुवाई, सिंचाई, खरपतवार नियंत्रण, और जैविक व रासायनिक उपायों के संतुलन के बारे में भी विस्तार से बताया। सहायक तकनीकी प्रबंधक नरेश ने समय पर फसल निरीक्षण, फसल चक्र अपनाना और जैविक कीटनाशकों का प्रयोग बहुत लाभकारी साबित हो सकता है। ग्राम सरपंच नरेश कुमार ने कृषि विभाग की सराहना की। प्रगतिशील किसान धर्मपाल ने विभाग की सराहना की।



**राई।** किसानों को संबोधित करते हुए कृषि विस्तार अधिकारी रेखा।

## आशीष बना नेवी में लेफ्टिनेंट, घर पर की थी तैयारी

- पिता हैं चालक, बेटे का सपना था सेना में शामिल होकर देश की सेवा करना
- गांव और जिले का नाम किया रोशन, खुद की मेहनत और अनुशासन से मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

गांव रेवली के निवासी आशीष डागर ने अपनी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के बल पर राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) की कठिन परीक्षा उत्तीर्ण कर भारतीय नौसेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयन हासिल किया है। आशीष की इस उपलब्धि से न केवल उसका परिवार, बल्कि पूरा गांव गर्वित है। आशीष के पिता रमेश डागर एक निजी कंपनी में चालक के पद पर कार्यरत हैं।

आठवीं पास रमेश डागर ने सीमित संसाधनों के बावजूद अपने बेटे की शिक्षा में कोई कमी नहीं आने दी। मां सुमन देवी एक गृहिणी हैं और बेटे की सफलता पर फूली नहीं समा रहीं। आशीष वर्तमान में 17 वर्ष का है और आगामी 22 दिसंबर को 18 वर्ष का होगा। उसने दसवीं कक्षा रूक्मणि देवी स्कूल से 97 प्रतिशत अंकों के साथ पास की। इसके बाद दिल्ली के घोगा स्थित एक सरकारी स्कूल से 11वीं और 12वीं की पढ़ाई पूरी की। पढ़ाई में शुरू से ही अव्वल रहने वाले आशीष को पिता ने जेईई मेन्स की कोचिंग के लिए दिल्ली भेजा था, लेकिन आशीष का झुकाव देश सेवा की ओर था। उसने तय कर लिया था कि वह सेना में जाकर देश की रक्षा करेगा। आशीष का सपना अब हकीकत बन चुका है और वह आगे चलकर देश के लिए कुछ बड़ा करना चाहता है। गांव में उसकी सफलता को लेकर लोगों में गर्व और खुशी का माहौल है। युवाओं के लिए वह प्रेरणा बन गया है कि कठिन परिस्थितियों में भी आत्मविश्वास और मेहनत से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। गांव के बुजुर्गों, शिक्षकों और युवाओं ने आशीष को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



**सोनीपत।** लेफ्टिनेंट आशीष डागर।

### तैयारी के लिए इंटरनेट से ली सहायता

एनडीए की तैयारी आशीष ने पूरी तरह खुद से की। उसने इंटरनेट के माध्यम से उपलब्ध सामग्री का उपयोग किया, खुद शेड्यूल बनाकर पढ़ाई की और परीक्षा दी। पहले ही प्रयास में उसने एनडीए का लिखित पेपर पास किया और फिर इंटरव्यू व मेडिकल आदि सभी चरणों में सफल हुआ। हाल ही में उसका चयन भारतीय नौसेना में लेफ्टिनेंट के पद पर हुआ है।

### दादा हुए भावुक, खानदान का बढ़ा मान

परिवार के लिए यह क्षण बेहद खास है। आशीष के दादा बलबीर डागर भी इस खबर से बेहद भावुक हुए और बोले कि उनका पोता पूरे खानदान का मान बढ़ा रहा है। मां सुमन देवी ने बताया कि आशीष शुरू से ही अनुशासित और आत्मनिर्भर था। वह पढ़ाई के साथ-साथ समय प्रबंधन और लक्ष्य के प्रति स्पष्ट सोच रखता था।

## संदिग्ध हालत में निर्माणाधीन फैक्ट्री से गिरकर मजदूर की मौत

- सदर थाना क्षेत्र के गांव बाघडू में चल रहा है फैक्ट्री का निर्माण कार्य
- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

सदर थाना क्षेत्र के गांव बांघड़ू में निर्माणाधीन फैक्ट्री से नीचे गिरने से मजदूर घायल हो गया। घायल को लेकर परिजन नागरिक अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

मध्यप्रदेश हाल में बाघड़ू निवासी गीता ने बताया कि वह मेहनत-मजदूरी का काम करती है। हाल में अपने परिवार के सदस्यों के साथ गांव बाघड़ू में निर्माणाधीन फैक्ट्री में काम कर रहे है। उसका पति बरित्म लाल गोर्ड (34) शराब पीने का आदि है। कल देर शाम को शराब पीकर निर्माणाधीन फैक्ट्री की मंजिल पर चढ़ कुर्सी पर बैठा हुआ था। नशे में होने के चलते वह छत से नीचे गिरकर घायल हो गया। उपचार के लिए उसे लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शवगृह में रखवाया। जांच अधिकारी एचसी अनिल ने बताया कि बृहस्पतिवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

### अब हर दिन 100 रुपये जुर्माना, जिले में 65% सीटें अब भी खाली

# 100 रुपये विलंब शुल्क के साथ दाखिले का अंतिम मौका खत्म

**कॉलेजों की बढ़ी चिंता, ओपन काउंसलिंग 24 जुलाई तक**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

जिले के सरकारी व एडेड महाविद्यालयों में दाखिले की रफ्तार अब भी धीमी बनी हुई है। उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित समय सीमा के तहत वीरवार को 100 रुपये विलंब शुल्क के साथ दाखिला लेने का अंतिम दिन रहा, जिस कारण कई कॉलेजों में विद्यार्थियों की भीड़ देखी गई। दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थियों ने कालेजों में पहुंचकर दस्तावेज सत्यापित करवाए और फीस जमा करवाते हुए अपना दाखिला सुनिश्चित करवाया। शुक्रवार से दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों को अब 100 रुपये विलंब शुल्क के साथ ही प्रति दिन 100 रुपये अतिरिक्त जुर्माना भी देना होगा। उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा दो चरणों में मेरिट लिस्ट जारी करने के बावजूद जिले के अधिकतर कॉलेजों में केवल 35 प्रतिशत सीटों पर ही दाखिले हो पाए हैं। शेष 65 प्रतिशत सीटें अब भी रिक्त हैं, जिससे कॉलेज प्रशासन की चिंताएं बढ़ गई हैं। विभाग ने दाखिला प्रक्रिया को गति देने के लिए 10 जुलाई से ओपन काउंसलिंग की शुरुआत की थी, जो अब 24 जुलाई तक जारी रहेगी।





### विद्यार्थियों के उत्साह में आई गिरावट

ओपन काउंसलिंग के अंतर्गत दाखिले 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर किए जा रहे हैं। शुरुआती दिनों में विद्यार्थियों का अच्छा रुझान देखने को मिला था, लेकिन बाद में उत्साह में गिरावट आ गई। वीरवार को अंतिम तिथि होने के कारण एक बार फिर दाखिला केंद्रों पर हलचल नजर आई। अधिकांश छात्र अपने दस्तावेजों के सत्यापन और फीस भुगतान की प्रक्रिया को लेकर कॉलेजों में पहुंचे।

### अब तक की स्थिति - एक नजर में

**कुल सीटें** : 23 निजी, एडिड और सरकारी महाविद्यालयों में 13652 सीटें
**अब तक हुए दाखिले** : लगभग 35 प्रतिशत
**रिक्त सीटें** : 65 प्रतिशत से अधिक
**ओपन काउंसलिंग की अवधि** : 10 जुलाई से 24 जुलाई तक
**विलंब शुल्क** : 100 रुपये (11-17 जुलाई तक)
**अब अतिरिक्त जुर्माना** : हर दिन का 100 रुपये जुर्माना साथ में 100 रुपये विलंब शुल्क

### पहले आओ, पहले पाओ

*ओपन काउंसलिंग के माध्यम से दाखिले पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर चल रहे हैं। अब विलंब शुल्क के साथ प्रतिदिन जुर्माना भी लागू हो गया है। ऐसे में हम विद्यार्थियों से अपील करते हैं कि वे समय रहते दाखिला सुनिश्चित करें।*
***-गौरव गर्ग, प्रवक्ता, हिंदू महाविद्यालय, सोनीपत***

## खबर संक्षेप

### वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया

**सोनीपत।** ऋषिकुल विद्यापीठ में अंतःसदन अंग्रेज़ी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के विषय "स्क्रीन्स आर बेटर मीडियम देन बुक्स, टेक्नोलॉजी मेक्स स्टूडेंट्स लेजी, इंज सोसियल मीडिया मॉर हार्मफुल देन बेनिफिसियल फॉर चिल्ड्रन रहा। छात्रों ने पक्ष और विपक्ष में प्रभावशाली तर्क प्रस्तुत किए। उन्होंने अपने विचारों को स्पष्ट, तार्किक और आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत किया।

### सोनीपतः चार दिवसीय वैब डेवल्पमेंट बूटकैंप संपन्न

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कालेज में आयोजित चार दिवसीय वैब डेवल्पमेंट बूटकैंप गुरूवार को प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट वितरण के साथ संपन्न हुआ। जीवीएम संस्थाओं के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि निःसंदेह बूटकैंप ने प्रतिभागियों को नवीनतम तकनीकी ज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी की नई दुनिया से रूबरू होने का अवसर दिया, जो आजीवन उन्हें लाभ प्रदान करेगा।कंप्यूटर साइंस के विभागाध्यक्ष राकेश जुनेजा व इंस्टिट्यूशन इनोवेश सैल (आईआईसी) के संयोजक डा. प्रवीण शर्मा, प्रीति मौजूद रहे।

### बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण को प्रयास जारी

**खरखौदा।** शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पिपली में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा प्राचार्या डा. तराना नेगी के मार्गदर्शन में समग्र विकास और बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में महाविद्यालय ने सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को उनके कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत एक निरीक्षण व मूल्यांकन हेतु महाविद्यालय में आमंत्रित किया।

### किसानों की मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सोनीपत।** भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर के जिला स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन और कृषि विभाग के डिप्टी डायरेक्टर पवन शर्मा से मुलाकात कर किसानों से जुड़ी प्रमुख समस्याओं पर चर्चा की और हरियाणा के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने खरीफ सीजन के दौरान खाद की कमी, कालाबाजारी और जबरन कीटनाशक बेचने की शिकायतें प्रमुखता से उठाई।

### जानलेवा गड्ढे को भरने का काम लगातार जारी

**सोनीपत।** नगर निगम द्वारा शहर की सड़कों में बने जानलेवा गड्ढे को भरने का काम चल रहा है। निगम ने दो जोन बनाकर 25-25 लाख के टेंडर लगाए थे और दो एजेंसियों ने गढ़े भरने का काम शुरू कर रखा है। अब तक सेक्टर 15 की डीएवी रोड, ओल्ड डीसी रोड, सूरी पेट्रोल पंप वाली गली, सेक्टर 23 वाली मुख्य सड़क, ककरोई रोड, गोहाना रोड, स्वामी विवेकानंद चौक से सेक्टर 14 -15, हिन्दू स्कूल रोड, खिज्जर मकबरा जटवाड़ा, शनि मंदिर के पास, निकट एमपी की कोठी, अम्बेडकर पार्क के सामने, गांधी चौक से सेक्टर 14 वाली रोड आदि के गढ़ों को भरा जा चूका है।

### सेफ इंडिया फाउंडेशन करवाएगा निर्माण, कंप्यूटर रूम व बैठने की जगह होगी

# नागरिक अस्पताल में दिव्यांगों के बैठने रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए बनेगा कमरा

### हर बुधवार को दिव्यांगों के लिए चाय व बिस्कुट की होगी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला नागरिक अस्पताल में दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनवाने व अपडेट के लिए आने वाले आवेदको को समस्या नहीं होने दी जाएगी। सेफ इंडिया फाउंडेशन की तरफ से अस्पताल परिसर में कमरे का निर्माण करवाया जाएगा। जिसके अंदर कंप्यूटर रूम व बैठने तक की जगह होगी। जहां दिव्यांग व उनके परिजन बैठकर ऑनलाइन फॉर्म व अपने जरूरी कागजातों की फाइल तैयार करवा सकेगें। अस्पताल प्रबंधन व फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने अस्पताल परिसर में जगह को फाइनल किया है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जायेगा।

बता दें कि नागरिक अस्पताल में हर बुधवार को दिव्यांग अभ्यार्थी अपना मेडिकल प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए नागरिक अस्पताल में पहुंचते है। प्रबंधन की तरफ से उनके बैठने के लिए बेंच मुहैया करवा रखे है। सेफ इंडिया फाउंडेशन की तरफ से परिसर में दिव्यांग सेवा केंद्र के नाम से कमरा बनाने के लिए अस्पताल प्रबंधन से पत्राचार किया है। पत्राचार के साथ जिला स्वास्थ्य अधिकारी को अवगत करवाया। जिसके बाद से



सोनीपत। परिसर में स्थित हैचरी व मौके का निरीक्षण करते पदाधिकारी व जिला स्वास्थ्य अधिकारी।

जिला स्वास्थ्य अधिकारी व फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने जगह का दौरान का हरी झंडी दी है। नागरिक अस्पताल परिसर में स्थित मदर फिश हैचरी गम्बूजिया मछली पालन हैचरी की जगह पर कमरा तैयार किया जायेगा। फाउंडेशन की तरफ से दिव्यांगजनों के लिए सहायक डेस्क, मेडिकल परामर्श एवं गाइडेंस, उपकरणों के लिए मार्गदर्शन, सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं काउंसलिंग की सुविधा बनने वाले कमरे के अंदर एक छत के नीचे मिलेगी। परिसर में स्थापित होने वाले केंद्र को पूरी तरह से फाउंडेशन संचालित करेगा।

निरीक्षण



**आमजन को सुविधा**

*की तरफ से दिव्यांगों की सहायता के लिए कमरा बनाने का निवेदन आया है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया गया है। परिसर में स्थित हैचरी की जगह इस्तेमाल में नहीं है। प्रबंधन की तरफ से पहले भी दिव्यांगों के लिए बैठने के लिए बेंच मुहैया करवाएं गए है। फाउंडेशन कुछ सुविधाओं को बढ़ाना चाहती है। इस संबंध में जगह फाइनल की है। ताकि आमजन को सुविधा मिल सके।*
डा. ज्योत्सना जिला स्वास्थ्य अधिकारी।

**जल्द होगा निर्माण शुरू**

*अस्पताल परिसर में फाउंडेशन की तरफ से पहले भी निशुल्क भोजन वितरण, स्वास्थ्य सहायता दी जा रही है। बुधवार को दिव्यांगों के लिए परिसर में कमरा तैयार किया जाएगा। जिसमें उनसे संबंधित सुविधाओं को उपलब्ध करवाया जाएगा। इस संबंध में प्रबंधन से अनुमति मिली है। जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू कर दिया जायेगा।*
वाईके त्यागी, संयोजक सेफ इंडिया फाउंडेशन


खरखौदा। क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनते विधायक पवन खरखौदा।

# विधायक पवन ने सुनीं आमजन की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

विधायक पवन खरखौदा ने अपने रोहतक मार्ग स्थित कार्यालय में क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुना और कई समस्याओं का मौके पर ही निवारण किया। पांचाल समाज की तरफ से मांग रखी गई कि सामाजिक गतिविधियों के लिए समाज को जमीन उपलब्ध कराई जाए। शहर में पांचाल समाज के लिए न कोई चौपाल है और न ही अन्य कार्यक्रमों के आयोजन लिए कोई जगह। झरोठी ग्राम पंचायत द्वारा गांव की एक गली के निर्माण की मांग रखी गई। महिलाओं का कहना था कि वाहन मालिक दिखा कर उनके नाम गरीबी रेखा से नीचे बीपीएल सूची से हटा दिए गए हैं। जबकि वास्तविकता यह है कि उनके परिवार के पास कोई भी वाहन नहीं है। शहर के कई लोगों ने मांग की है कि दिल्ली मार्ग स्थित नई सब्जी मंडी में बारिश के कारण जल भराव हो जाता है। जिससे दुकानदारों व खरीदारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। विधायक ने लोगों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र की समस्त समस्याओं का निवारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। जिसके लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। सरकार की प्रत्येक योजना का लाभ लोगों को दिया जाना चाहिए।

### विचारसागर के रचयिता संत निश्चलदास को भूली सरकार : दहिया

**खरखौदा।** सामाजिक कार्यकर्ता जगरूप दहिया ने कहा है कि हरियाणा सरकार संतों, महात्माओं, वीरों और महान पुरुषों की जयंती व पुण्य तिथि आदि मना कर सम्मान प्रदर्शित करती आ रही है। ये एक अत्यंत सराहनीय कदम है, क्योंकि महापुरुष हमारे प्रेरणा स्रोत हैं। उनका मानना है कि पाश्चात्य संस्कृति और आधुनिकता की आंधी ने सामाजिक विकृति बढ़ा दी है। ऐसे समय में सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा के लिए महापुरुषों के जीवन और विचारों को हर माध्यम से जन-जन तक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। इन्हें विद्यालयी पाठ्यक्रमों में भी स्थान मिलना चाहिए। ऐसे ही एक महान संत हुए हैं संत निश्चल दास। खरखौदा उपमंडल का गांव किढ़ौली पहलादपुर उनकी कर्मभूमि रहा है। गरीब किसान के घर जन्मा यह बालक बचपन से ही विलक्षण प्रतिभा का धनी था। इनका जन्म लगभग 1840 के आसपास माना जाता है।

# विज्ञान प्रश्नोत्तरी में सुंदरम सदन प्रथम

### कल्पना चावला विद्यापीठ में प्रतियोगिता का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

कल्पना चावला विद्यापीठ में अंतर्सदनीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता कक्षा चौथी से पांचवी के विद्यार्थियों के बीच कराई गई। अध्यापिका मीना ने प्रतियोगिता की बागडोर संभाली। जबकि गणित अध्यापिका पूनम ने निर्णायक की भूमिका निभाई। तीनों सदनों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी विज्ञान में रुचि का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में सुंदरम् सदन ने प्रथम, सत्यम् सदन ने द्वितीय और शिवम् सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या उषा वत्स ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान का क्षेत्र बहुत बड़ा है। विज्ञान हमें नई चीज़ें सीखने और समझने का अवसर प्रदान करता है। प्राथमिक प्रभारी रितु ने विज्ञान के महत्व को बताते हुए बताया कि विज्ञान हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह हमें अपने आसपास की दुनिया को समझने और उसकी समस्याओं का समाधान करने में मदद करता है। विज्ञान की बदौलत हम नई तकनीकों और खोजों का विकास कर पाते हैं, जो हमारे जीवन को आसान और सुखद बनाती हैं।


खरखौदा। प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### दिग्विजय चौटाला ने किया बरोदा विधानसभा का दौरा

**गोहाना।** जजपा के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला ने कहा कि प्रदेश में जजपा का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। लोगों के इस समर्थन को एक काफिले को अपने लक्ष्य तक पहुंचाएंगे और अगर मौका मिला तो प्रदेश के लोगों की सोच का राज लेकर आएंगे। वह गुरुवार को बरोदा और गोहाना विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान गांवों में जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि आज प्रदेश में गुंडागर्दी का बोलबाला है। मुख्यमंत्री नायब सैनी न तो पुलिस को कंट्रोल पा रहे हैं और न ही प्रदेश में गुंडागर्दी पर रोक लगा पा रहे हैं। अपराधिक घटनाओं से लोगों में खौफ हैं। वे बोले कि 2024 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की खूब हवा थी। लेकिन फिर भी प्रदेश में कांग्रेस की सरकार नहीं आई। वह इसलिए क्योंकि वह मैं और मेरा से ऊपर नहीं उठ पाए। चौटाला ने कहा कि हम तो जीतेंगे तो भी आपके हैं और हराओगे या दंड दोगे तो भी आपके हैं। चौ. देवीलाल आपके थे और ये दिग्विजय भी आपका है। जैसा रखोगे वैसे रहेंगे। दिग्विजय ने कहा कि जजपा का वोटर किसान है। प्रदेश में किसान आंदोलन के चलते चाहे इनेलो हो या कांग्रेस विपक्षी दलों ने अपना चोला बदल दिया है।

# प्रतियोगिता में चेष्टा और कीया रही विजेता

### जेएलएन स्कूल में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शहर में गुढ़ा रोड पर स्थित जेएलएन विद्यालय में गुरुवार को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों के लिए प्रतियोगिताएं करवाई गई। विजेताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन विद्यालय की प्रबंधक कृष्णा शर्मा ने किया। अध्यक्षता विद्यालय के एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। संयोजन उप प्राचार्य सूरत शर्मा ने किया। प्रतियोगिताओं में कक्षा पहली से कीया, कक्षा दूसरी से चेष्टा, कक्षा तीसरी से इशिका शर्मा, कक्षा चौथी से रिहान और कक्षा पांचवीं से संस्कृति विजेता बनी। निर्णायक मंडल में मनीषा सांगवान, सोनिया शर्मा, वीनू सरोहा, नीलम वर्मा, तनु, प्रियंका गुप्ता, नितिन देवी सीमा रानी व प्रीति यादव शामिल रहे। प्राचार्य डॉ. सचिन ने कहा कि इस समय बारिश का मौसम चल रहा है। इस मौसम में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की जरूरत होती है।


गोहाना। विजेता घोषित विद्यार्थी अपने शिक्षकों के साथ। फोटो :हरिभूमि


ट्रक यूनियन के कांवड़ शिविर में सेवकों के साथ चेयरपर्सन रजनी विरमानी।

### कांवड़ियों की सेवा करना पुण्य का काम

**गोहाना।** नगर परिषद की चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने गुरुवार को महाराजा अग्रसेन सेवा समिति और ट्रक यूनियन गोहाना के कांवड़ सेवा शिविरों में पहुंचकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और कांवड़ियों का हालचाल पूछा। समिति का कांवड़ सेवा शिविर शहर में अंबेडकर चौक के समीप और दूसरा शिविर ट्रक यूनियन कार्यालय में चल रहा है। चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने कहा कि हमारी संस्कृति सेवा, समर्पण और त्याग जैसे मानव मूल्यों पर आधारित है। हमें अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए अपने सांस्कृतिक मूल्यों को सहेज कर रखने की आवश्यकता है। विरमानी ने कहा कि कांवड़ियों की सेवा करना एक पुण्य का काम है और यह हमारी एक नैतिक जिम्मेवारी भी है। इन शिविरों में कांवड़ियों के लिए भोजन, विश्राम व चिकित्सा सुविधाएं मुहैया करवाई गई हैं।

# घर संस्कारों की प्राथमिक पाठशाला

- गीता विद्या मंदिर शिशुवाटिका में मातृ गोष्ठी का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित गीता विद्या मंदिर बरोदा शाखा में की शिशुवाटिका में गुरुवार को मातृ गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का उद्देश्य बच्चों को संस्कारपूरित शिक्षा को लेकर विचारविमर्श करना था।

विद्यालय के प्राचार्य अश्विनी कुमार ने कहा कि घर संस्कारों की प्राथमिक पाठशाला है। घर में बच्चे माता-पिता से जो सीखेंगे बड़े होकर वे वैसा ही व्यवहार करेंगे। माता-पिता अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें ताकि वे बड़े होकर अच्छे इंसान बन सकें। उन्होंने कहा कि पहले संयुक्त परिवार होते थे और बच्चों को अपने दादा-दादी व घर के दूसरे वरिष्ठ सदस्यों से बहुत कुछ सीखने को मिल जाया करता। आज ज्यादातर एकल परिवार हैं। ऐसे में माता-पिता को इस दिशा में अपने बच्चों पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की शिशुवाटिका प्रभारी मिनाक्षी और आचार्य दलजीत ने किया। मंच संचालन आचार्या अनीता ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में आचार्या निशा, सोनिका व अनु का विशेष योगदान रहा।


गोहाना। माताओं के साथ विचारविमर्श करते प्राचार्य अश्विनी कुमार।

# कुराश में जीते पदक विजेताओं का स्वागत

**सोनीपत।** हरियाणा सब जूनियर स्टेट कुराश-चैम्पियनशिप का आयोजन रोहतक में कब हुआ। जिसमें लगभग 600 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस चैम्पियनशिप में इण्डियन स्कूल सोनिपत के यानिश ने 30 किलोग्राम में स्वर्ण पदक, भूमिका मलिक ने +28 किलोग्राम में स्वर्ण पदक, रूही ने + 44 किलोग्राम में स्वर्ण पदक, मोहित ने 35 किलोग्राम में स्वर्ण पदक, तपस्वी ने 55 किलोग्राम में स्वर्ण पदक, हर्षवर्धनी ने 52 किलोग्राम में रजत पदक, वंशिका ने +52 में रजत पदक, हर्शवी ने 24 किलोग्राम में कास्य पदक, काव्या ने 28 किलोग्राम में कांस्य पदक और पावनी भार्गव ने 36 किलोग्राम में कास्य पदक जीतकर अपने जिले, विद्यालय, माता-पिता और कोच का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्राचार्य राजेन्द्र सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को फूलमाला व पदक पहनाकर स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि हमारे खिलाड़ी नेशनल में भी पदक जीतकर अपने प्रदेश का नाम रोशन करेंगे यह हमें पूरा विश्वास है। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य राजेन्द्र सिंह, जूडो कोच सतपाल गुलिया, डॉ. रवीन्द्र मलिक और सुरेन्द्र शास्त्री उपस्थित रहे।

**NOTICE**

I, Renu W/o Nareder Kumar R/o Village Polangi (53) Rohtak, Haryana-124401 declare that Renu Bala and Renu both are my names these names are of one and the same person i.e. my self. I have changed my name from Renu to Renu Bala for all future purposes.

**सरपंच ग्राम पंचायत बड़ौता**
खण्ड व तहसील गोहाना, जिला सोनीपत (हरियाणा)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की गांव बड़ौता के बाबा वाला तालाब मु. 70000/-रूपये व धानक वाला तालाब मु. 40000/- रूपये मत्स्य विभाग द्वारा कीमत निर्धारित की गई है। ग्राम पंचायत द्वारा दिनांक 29.07.2025 को ग्राम सचिवालय में समय 2:00 बजे इन तालाबों की खुली बोली करवाई जाएगी। सिक्योरिटी राशि मु. 50000/-रूपये जमा करवानी होगी। बोली की राशि मौके पर जमा करवानी होगी। बाकी शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत बड़ौता
तहसील गोहाना (सोनीपत)
मो. नं. 9416487850



सोनीपत। अधिकारियों की बैठक लेते अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन।

### शिकायतों का समाधान करने के निर्देश

**सोनीपत।** अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समाधान शिविर में आने वाली जन शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए सभी विभागाध्यक्ष गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने जिन विभागों की शिकायतें लंबित हैं, उनको आगामी बैठक से पहले शीघ्र निपटान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग लंबित शिकायतों का एक सप्ताह से पूर्व समाधान करना सुनिश्चित करें अन्यथा कारवाई की जाएगी। अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों के निवारण प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लें और इनका समयबद्ध निपटान करना सुनिश्चित करें। हर रोज अपना पोर्टल जरूर चेक करें और निर्धारित समय पर एक्शन टेकन रिपोर्ट अपलोड करें। बैठक में सिटीएम डॉ. अनमोल, डीडीपीओ ललिता वर्मा, व सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### इनरव्हील क्लब स्वर्ण ने बड़े उत्साह और पारंपरिक अंदाज में मनाया पर्व

# महिलाओं ने झूला झूलकर तीज उत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

इनरव्हील क्लब स्वर्ण सोनीपत द्वारा तीज का पर्व बड़े उत्साह और पारंपरिक अंदाज में मनाया गया। यह आयोजन क्लब की सचिव मंजू छिकारा के निवास स्थान पर किया गया, जहां लगभग 35 सदस्याएं उत्सव में भाग लेने पहुंचीं। क्लब की उपप्रधान उषा भंडारी ने बताया कि सभी महिलाओं का तिलक लगाकर व चुनरी पहनाकर स्वागत किया गया। पारंपरिक पकवानों में पकौड़े, गुलगुले और घेवर परोसे गए। इसके बाद तंबोला और कई रोचक खेलों का आयोजन हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नृत्य, गायन और प्रतिभा प्रदर्शन प्रतियोगिता ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की खास आकर्षण 'तीज क्वीन' प्रतियोगिता रही, जिसमें टॉप 5 प्रतिभागियों में से लकी ड्रा के माध्यम से शालू त्यागी को तीज क्वीन चुना गया औaर उन्हें ताज पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्लब की प्रधान विभा कुमार, पूर्व प्रधान नीतू दहिया, कोषाध्यक्ष सुमन खन्ना और सचिव मंजू छिकारा ने निर्मला शर्मा, संतोष राठी, निर्मल चौधरी, प्रेमा शर्मा, अनुराधा, रोशनी, अर्चना, बिंदु शर्मा व चारु दूआ सहित अन्य प्रतिभागियों को टैलेंट पुरस्कार वितरित किए। रेखा राणा, मनीषा और सविता शर्मा ने गीत गाए। सीमा मक्कड़, अंजना, अनीता, भाभा, अल्पना, सुमन, लता, पूर्णिमा, सुशीला, सुनीला, एडवोकेट रक्षा, इंदु भोरिया और पूनम भनोट सहित सभी महिलाओं को तीज उपहार दिए गए। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने झूले झूलकर और स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेकर सावन और मौसम का भरपूर आनंद उठाया।


सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यगण। फोटो :हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### हैंडपंप पर पानी पीने रुके युवक की बाइक चोरी

**खरखौदा।** एनसीआर वाटर चैनल के पास लगे हैंडपंप पर पानी पीने के लिए रुके युवक की बाइक लेकर अन्य युवक लेकर फरार हो गया। पुलिस ने हरकेश कुमार की शिकायत पर पुलिस ने ईशापुर ढासा के रहने वाले सोनू के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। छिन्नौली गांव के रहने वाले हरकेश का कहना है कि वह बाइक लेकर किसी काम से खरखौदा आया हुआ था। काम निपटाकर वह घर लौट रहा था। इस दौरान वह एनसीआर वाटर चैनल पर लगे हैंडपंप पर पानी पीने के लिए रुक गया। अपनी बाइक को उसने सड़क किनारे ही खड़ा कर दिया और चाबी उसी के अंदर छोड़ दी। जब वह हेडपंप पर पहुंचा तो ईशापुर ढासा हाल खांडा में अपनी बहन के घर पर रहने वाला सोनू उसकी बाइक को लेकर फरार हो गया। उसने अपने स्तर पर उसे तलाश भी किया, लेकिन वह नहीं मिला।

### थाना कलां मार्ग से ई-रिक्शा चोरी

**खरखौदा।** बहादुरगढ़ से सामान लेकर खरखौदा आए एक चालक की ई-रिक्शा चोरी हो गई। चालक अपनी रिक्शा को थाना कलां चौक पर खड़ा कर चाय पीने चला गया था, वापस आया तो उसकी रिक्शा चोरी हो चुकी थी। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया था। बहादुरगढ़ के रहने वाले रामबिलाश का कहना है कि वह ई-रिक्शा चलाता है। मंगलवार को वह अपनी ई-रिक्शा में सामान लोड कर खरखौदा लेकर आया था। सामान उताकर वह थाना कलां चौक पर पहुंचा तो उसने एक दुकान के आगे अपनी ई-रिक्शा खड़ी की और चाय पीने के लिए एक चाय की दुकान पर चला गया।

# सीबीएसई नॉर्थ जोन-2 तीरंदाजी चैंपियनशिप में प्रदेश का दबदबा

## युवा धनुर्धरों ने सटीक निशाने लगाकर जलवा दिखाया, सेवानिवृत्त आईजी ने बढ़ाया हौसला

कम्पाउंड व इंडियन राउंड में भी हरियाणा के लड़के व लड़कियों ने सटीक निशाने लगाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

- नेपाल से पहुंचे संजय घिमिरे व अमित डूंगाणा और पटना से आउ शिक्षाविद आवेश अंबर ने भी तीरंदाजों को प्रोत्साहित किया
- अंडर -17 कंपाउंड एकल मुकाबले में डीएवी रोहतक की वरूणी 642 अंक लेकर रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल, कामी रोड में सीबीएसई के तत्वावधान में चल रहे सीबीएसई नॉर्थ जोन-2 तीरंदाजी चैंपियनशिप के चौथे दिन भी हरियाणा के युवा धनुर्धरों ने अपना दबदबा बनाए रखा। कम्पाउंड व इंडियन राउंड में भी हरियाणा के लड़के व लड़कियों ने सटीक निशाने लगाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। बृहस्पतिवार को सेवानिवृत्त आईजी सुमन मंजरी ने विशेष रूप से यहां पहुंचकर तीरंदाजी चैंपियनशिप में हिस्सा ले रहे खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। नेपाल से पहुंचे संजय घिमिरे व अमित डूंगाणा और पटना से आये शिक्षाविद आवेश अंबर ने भी तीरंदाजों को प्रोत्साहित किया।

पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डॉ. विजयपाल नैन, सचिव गौतम नैन, स्कूल की प्रधानाचार्या हिमानी दहिया व उप प्रधानाचार्य वरुण ने तीरंदाजी चैंपियनशिप में पहुंचे अतिथियों का बुके भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर पूर्ण मूर्ति कैंपस के कोषाध्यक्ष भोपाल सिंह, प्रबंध निदेशक कपिल भाटिया, एमडी इंजी.संघदीप शाक्य, डायरेक्टर एकेडेमिक्स डा. स्वीटी, कैंपस डायरेक्टर कुलदीप, रजिस्ट्रार कंवलजीत सिंह संधू, डीन अकादमिक संदीप कुमार व सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



सोनीपत। पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल में सीबीएसई नार्थ जोन-2 तीरंदाजी चैंपियनशिप के दौरान निशाना साधती तीरंदाज। फोटो : हरिभूमि

### यश दहिया ने मारी बाजी

सीबीएसई नॉर्थ जोन-2 तीरंदाजी चैंपियनशिप के दौरान लड़कियों के अंडर -17 कंपाउंड एकल मुकाबले में डीएवी रोहतक की वरूणी ने 642 अंक लेकर पहला स्थान पाया, जबकि डीएवी मल्टीपरपज स्कूल, सोनीपत की सोनाक्षी सिन्हा ने 621 अंक लेकर दूसरा व बल्लभगढ़ की मनप्रीत कौर ने 613 अंकों के साथ तीसरा स्थान पाया। अंडर -17 गर्ल्स कंपाउंड टीम मुकाबले में सेंट पीटर्स स्कूल फरीदाबाद की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस टीम में शामिल अलीना, चैतन्या, सौरवी सिंह व सान्वी ने शानदार प्रदर्शन किया। जीडी गोयंका स्कूल सोहना गुड़गांव की टीम ने तन्वी जैन, स्वास्ति लोहिया व हिना यदुवंशी के सधे निशाने की बदौलत दूसरा स्थान पाया।

जीसीएम कॉन्वेंट खेतला संगरूर, पंजाब की टीम ने तीसरा स्थान पाया। जसप्रीत कौर, जपजी कौर व कशिश ने बेहतर खेल दिखाया। अंडर- 17 कंपाउंड मिक्सड इवेंट में बीबीएन स्कूल बल्लभगढ़ की टीम ने प्रथम स्थान किया, जबकि डीएवी पब्लिक स्कूल चीका कैथल ने दूसरा व रियान इंटरनेशनल स्कूल भोंडसी, गुड़गांव की टीम ने तीसरा स्थान पाया। लड़कों के अंडर -17 कंपाउंड एकल मुकाबले में फरीदाबाद के यश दहिया ने 674 अंक लेकर पहला, बल्लभगढ़ के लवप्रीत सिंह ने 654 अंक लेकर दूसरा और सोनीपत के यशस्वी सिंह ने 632 अंक लेकर तीसरा स्थान पाया। लड़कों के अंडर 17 कंपाउंड टीम में बाल विकास स्कूल जाटल पानीपत की टीम ने पहला स्थान पाया। टीम में शामिल अहान, वंश व परीक्षित ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी टीम की जीत दिलाई।

### हिसार का रोहित 612 अंक लेकर प्रथम रहा

लड़कों के अंडर-19 इंडियन राउंड के एकल मुकाबले में उकलाना मंडी, हिसार के रोहित इंदौरा ने 612 अंकों के साथ प्रथम स्थान पाया, जबकि उचाना कलां जींद के विजय सिंह नैन ने 598 अंक लेकर दूसरा व नारनौल, महेंद्रगढ़ के तरुण ने 585 अंक लेकर तीसरा स्थान पाया। लड़कियों के अंडर-19 इंडियन राउंड के एकल मुकाबले में भिवानी की क्रिस्पी धनेटिया ने पहला, फरीदाबाद की खुशी शर्मा ने दूसरा व जींद की राधिका ने तीसरा स्थान पाया।




### दो बार पूरे जिले का अध्यक्ष अब सिर्फ आधे का प्रवक्ता

सत्तारूढ़ पार्टी का कार्यकारिणी विस्तार एक पुराने नेता पर पहाड़ बनकर टूटा है। गोहाना वाले प्रधान ने तो दो बार के जिलाध्यक्ष रह चुके और एक बार लोकसभा सीट के लिए प्रत्याशी रह चुके वरिष्ठ नेता को अपनी टीम में प्रवक्ता ही बना दिया। कमाल की बात ये है कि वरिष्ठ नेता से इस संदर्भ में कोई मंत्रणा भी नहीं हुई, घोषणा के बाद ही पता चला कि उन्हें प्रवक्ता बनाया गया है।

### ममेरा भाई, पड़ोसी पेट्रोल पंप का पड़ोसी

कार्यकारिणी विस्तार में गोहाना ही क्यों सोनीपत वाले प्रधान ने भी गजब कर दिया है। नाम तो सोनीपत का है, लेकिन भर दिए राई वाले, वो भी बड़े प्रधान के करीबी। एक तो बड़े प्रधान का ममेरा भाई, एक पत्नी की तरफ का रिश्तेदार, एक निवास स्थान का पड़ोसी और एक पेट्रोल पंप के सामने रहने वाला पड़ोसी। किसी ने चुटकी ली कि भाई समय का भरोसा नहीं है, इसीलिये सभी अपने अडजस्ट कर दिए।

### बड़े साहब, हनीमून पीरियड और माननीय

नए-नए आए बड़े साहब हनीमून पीरियड में चल रहे हैं। जुमा जुमा चार दिन हुए हैं, जिले में आए हुए, लेकिन लंबी चौड़ी कहानी पता चली है। पहली किश्त में बता दूं, साहब इन दिनों दो युवा माननीयों की जमकर हाजिरी लगा रहे हैं। क्योंकि एक युवा माननीय तो साहब के साइलेंट पार्टनर हैं। सालों पहले नगर निगम की एक जमीन के मालिकाना हक बदलने के समय से ही दोनों की जोड़ी बनी हुई है।

### पिता की विरासत विरोधी को बड़ा पद

अपने पिता की विरासत का 1/6 भाग संभालने में जुटे नेताजी के साथ भी कार्यकारिणी विस्तार के नाम पर धोखा हुआ है। विधानसभा चुनावों में नेताजी के विरोध में खुलेआम प्रचार कर चुके भाईसाहब को अब गोहाना की जिला कार्यकारिणी में भी जगह मिल गई है। पहले तो मंडल अध्यक्ष बनाया गया था, अब तो प्रधान के बाद का सबसे बड़ा पद दे दिया है। देखते हैं नेताजी पर कितना असर पड़ता है।

### जिन्न लौटे वापस मचा हाहाकार

पिछले दिनों जिस पद को लेकर बड़े अधिकारी के सहायक को गिरफ्तार किया गया था। उसी मामले में अब दो भारी भरकम अतीत वाले लोगों की एंट्री हो चुकी है। दोनों पर ही पूर्व में एफआईआर भी हो चुकी है, इसके बावजूद इन्हें उन्हीं महत्वपूर्ण पदों पर बिठा दिया गया है। कोई बता रहा था कि पूरी इमारत में चर्चा है कि जिन्न वापस आ गए हैं, इस बार हातिमताई का भी शिकार करेंगे।



### हवन कर नेत्र चिकित्सालय जनता को किया समर्पित

**सोनीपत।** शशिकांत इंटरनेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में ट्रस्ट के संयोजक शशिकांत कौशिक के मार्गदर्शन में सोनीपत में मुरथल रोड स्थित यूनिक मॉल में जन सेवा के लिए नेत्र चिकित्सालय फिजियोथैरेपी और लाइब्रेरी के लिए लगभग 7 करोड़ की जमीन और भवन दान दी है। जिसका विधिवत रूप से शुभारंभ हुआ। हवन यज्ञ के साथ नेत्र चिकित्सा अस्पताल प्रतिष्ठित संस्था दृष्टि सेवा समिति को सौंप दिया गया। चिकित्सालय कार्य ट्रस्ट के संयोजक समाजसेवी शशिकांत कौशिक के बड़े पुत्र मानिक शशिकांत कौशिक के जन्म दिवस की उपलक्ष में जनता को समर्पित किया गया। हवन में मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी दयानंद महाराज विशेष तौर पर पधारे। पत्रकारों से बात करते हुए शशिकांत कौशिक ने बताया की जनकल्याण के क्षेत्र में उनकी आगामी कौन-कौन सी परियोजनाएं और कार्यक्रम है। कार्यक्रम में मौके पर महामंडलेश्वर सीताराम, पूर्व सांसद रमेश चंद्र कौशिक, पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन, पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार आदि मौजूद रहे।



### रेलवे क्रॉसिंग पुल में लेवल नीचा होने से हो रही परेशानी

**गन्नौर।** गांव राजलू गढ़ी में क्रॉसिंग पुल में लेवल नीचा होने बरसात में इनता पानी भर जाता है कि उसमें गहरे गड्ढे होने से दुपहिया वाहन चालक हादसे का शिकार हो रहे है। हालात ये है कि गांव में आवागमन के लिए अब बरसात होने पर कोई भी ऐसा रास्ता नही कि ग्रामीण व वाहन चालक रेलवे लाईन को पार करके गांव में आ सके। ऐसे में ग्रामीण प्रशासन को कोस रहे है। ग्रामीणों ने प्रशासन से समाधान की मांग की है। ग्रामीण प्रेम राठी, त्रिलोकचदं, करतार, राजू, रमेश, बिरेन्द्र, साहिल, अशोक ने बताया कि गांव में रेलवे स्टेशन के पास रेलवे क्रासिंग पुल में लेवल नीचा होने के कारण थोड़ी सी भी बरसात होने पर पानी भर जाता है और वाहनों के आवागमन के कारण इतने गहरे गड्ढे हो गए है कि दुपहिया वाहन चालक गिर जाते है। ऐसे में वे प्रशासन व सरकार को कोस रहे है। जिससे गांव में रेलवे लाइन क्रास करके आने का रास्ता बहुत खराब हो गया है। उन्होंने बताया कि दूसरा रास्ता गांव में बड़े रेलवे क्रासिंग पुल से है।



गन्नौर। अलंकरण समारोह के दौरान नायब तहसीलदार गजे सिंह के साथ प्रबंधक अमित बत्रा।

# प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में अलंकरण समारोह का आयोजन

- प्रधाना चार्य सुरेंद्र छाबड़ा ने अभिभावकों का आभार व्यक्त कर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में नवनियुक्त छात्र परिषद के अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य आतथि नायब तहसीलदार गजे सिंह एवं विशिष्ट अतिथियों में विद्यालय प्रबंध निदेशक अमित बत्रा, ट्रस्टी एकलव्य जैन, इशिता जैन, पूर्व सरपंच जगदीप कुमार शामिल रहे। चारों सदनों एलिट, होराइजन, पायनियर व टाइटन के छात्र प्रतिनिधियों ने विद्यालय ध्वज के समक्ष सत्यनिष्ठा और नेतृत्व का संकल्प लिया। अमित बत्रा ने छात्रों को प्रेरित करते हुए नेतृत्व की जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य सुरेंद्र छाबड़ा ने अभिभावकों का आभार व्यक्त कर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# राल बाल प्रतियोगिता में संपर्क तृतीय रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

अपोलो इंटरनेशनल स्कूल बड़ी के छात्र ने राल बाल जिला प्रतियोगिता अंडर-11 में तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिला स्तरीय राल बाल (स्केटिंग) कुंडली में 13 जुलाई को आयोजित करवाई गई थी। जिसमें स्कूल के पांचवी के छात्र संपर्क ने तृतीय स्थान प्राप्त कर राज्य स्तर पर अपना चयन करवाया। प्राचार्या अनीता यादव ने बताया की छात्र संपर्क अब 20 जुलाई को रोहतक में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता खेलेगा। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का अंग है और हमें इसे अनुशासन के साथ खेलते रहना चाहिए।




गन्नौर। प्रधानाचार्या अनीता यादव छात्र संपर्क को सम्मानित करतीं हुई। फोटो : हरिभूमि

### मंडी बनने के बाद आर्थिक गतिविधियों को मिलेगा बल



**राई।** भाजपा नेता माईराम कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री के गन्नौर में बन रही अंतर्राष्ट्रीय मंडी के दौरे से मंडी के बहुप्रतीक्षित विकास और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में एक ठोस कदम है। मंडी बनने के बाद क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को बड़ा बल मिलेगा। भाजपा नेता माईराम कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री ने दौरे के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए है कि गन्नौर मंडी को न केवल आधुनिक सुविधाओं से युक्त किया जाए, बल्कि इसे हरियाणा की आर्थिक रीढ़ बनाने का कार्य जल्द पूरा किया जाए। गन्नौर की फल-फ्रूट मंडी को विश्वस्तरीय स्तर पर विकसित किया जाएगा, ताकि न केवल हरियाणा बल्कि देश के विभिन्न राज्यों के किसान और व्यापारी भी इससे लाभान्वित हो सकें। मुख्यमंत्री ने मंडी के प्रस्तावित नक्शे और कार्य प्रगति की समीक्षा करते हजुए ये आदेश भी दिए है कि निर्माण कार्य में कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस मंडी के जरिए हरियाणा को कृषि के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई जाएगी और इससे जुड़ी स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी व्यापक गति मिलेगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

राहत | आपातकालीन कक्ष में 120 व इंजेक्शन रूम में 360 वायल करवाई मुहैया

# एंटी रैबीज इंजेक्शन की 12 हजार वायल पहुंची

सीएचसी स्तर से लेकर पीएचसी स्तर पर भेजी गई वायल, अस्पताल में 12 दिन से खत्म था इंजेक्शन





**रैबीज जानलेवा बीमारी:** रैबीज एक जानलेवा बीमारी है, लेकिन समय पर एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवा कर इससे बचा जा सकता है। इसलिए किसी भी तरह की चोट या काटने की घटना को नजरअंदाज न करें और तुरंत उपचार लें। अस्पताल में काफी दिनों से इंजेक्शन खत्म थे। इस संबंध में समय रहते उच्च अधिकारियों के साथ पत्राचार किया गया था। अस्पताल में मौजूदा समय में पर्याप्त मात्रा में इंजेक्शन उपलब्ध है। मरीजों की सुविधा के लिए प्रबंधन की तरफ से हमेशा जरूरी कदम उठाने का काम किया जाता है।

-डा. संदीप लठवाल, मीडिया प्रभारी नागरिक अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नागरिक अस्पताल में बीते 12 दिनों से खत्म पड़े एंटी रैबीज इंजेक्शन आखिरकार उपलब्ध हो गए हैं। इससे मरीजों और उनके परिजनों ने राहत की सांस ली है। अस्पताल प्रशासन को मुख्यालय द्वारा भेजी गई ताजा खेप के तहत 12 हजार वायल भेजी है। जिसमें से सीएचसी स्तर पर पीएचसी स्तर पर वितरित करने का कार्य शुरू कर दिया है। विभाग की तरफ से करीब 60 हजार मरीजों के इंजेक्शन भेजे है।

प्रबंधन की तरफ से इंजेक्शन खत्म होने से पहले ही डिमांड भेजी गई थी। जिसे उच्च अधिकारियों की तरफ से पूरा कर दिया है। इंजेक्शन खत्म होने के चलते मरीजों को राजधानी दिल्ली, खानपुर व रोहतक के चक्कर काटने पर मजबूर होना पड़ रहा था। इंजेक्शन आने से मरीजों के साथ अस्पताल प्रबंधन ने राहत की सांस ली है। बता दें कि नागरिक अस्पताल में करीब 13 दिनों से रेबीज का इंजेक्शन खत्म हो चुका था। मरीजों को मजबूरी में महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर या रोहतक पीजीआई व नरेला राजा हरिश्चंद्र अस्पताल व रोहतक पीजीआई में जाने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

मेडिकल स्टोर से मरीजों को महंगे दामों पर इंजेक्शन खरीदकर लगवाना पड़ रहा था। अस्पताल में हर रोज करीब 100 मरीज कुत्ता, बिल्ली, चूहा, बंदर व अन्य जानवर के काटे जाने के मरीज पहुंचते है। अस्पताल प्रबंधन मरीजों की समस्या को देखते हुए लोकल परचेज कर इंजेक्शन मुहैया करवाने का काम करता था, लेकिन करीब 13 दिनों से इंजेक्शन खत्म होने के बावजूद कोई सुध नहीं ली जा रही है। विभाग की तरफ से बड़े स्तर पर नागरिक अस्पताल में इंजेक्शन भेजे गए है। जिसे प्रबंधन की तरफ से वितरित करने का काम शुरू कर दिया है। बृहस्पतिवार को प्रबंधन की तरफ से इंजेक्शन इंजेक्शन वार्ड 360 और आपातकालीन कक्ष में 120 वायल उपलब्ध करवाई गई हैं। ताकि मरीजों को जल्द से जल्द सुविधा उपलब्ध हो सके।

**किसको कितनी वायल हुई उपलब्ध:** नागरिक अस्पताल में 4800 वायल दी गई है। वहीं सीएचसी बढ़खालसा में 960, खरखौदा सीएचसी में 1200, गन्नौर सीएचसी में 1200, गोहाना नागरिक अस्पताल में 1200, जुआं सीएचसी पर 600, भैंसवाल सीएचसी पर 600, हलालपुर में 480 वायल सहित अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर वितरण का कार्य चल रहा है। जिले में प्रबंधन की तरफ से करीब 60 हजार लोगों के इंजेक्शन मुहैया करवाएं गए है। जोकि आगामी समय के लिए काफी संख्या में उपलब्ध रहेगें।

### दानपात्र से रुपये चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना सोनीपत पुलिस ने मंदिर का ताला तोड़कर दानपात्र से रुपये चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नवीन उर्फ चोर निवासी दिल्ली कैंप का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ की जा रही है। सेक्टर-15 निवासी प्रेमनाथ ने गत 20 जून को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह ओल्ड डीसी रोड पर स्थित श्री संत धर्म मंदिर का प्रधान है। किसी ने मंदिर के दरवाजे का ताला तोड़कर कमरे के अंदर रखे दानपात्र से करीब 70 हजार रुपये की राशि को चोरी कर लिया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
आवश्यकता है
भारत के तेजी से बढ़ते हिन्दी समाचार-पत्र हरिभूमि को सोनीपत शहर में डोर-टू-डोर मार्केटिंग के लिए उत्साही, योग्य व आकर्षक व्यक्तित्व वाले युवक-युवतियों की आवश्यकता है, जो मीडिया के क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहते हैं



आयु : 18 से 30 वर्ष तक
योग्यता : 10+2 या इससे अधिक
वेतन : योग्यतानुसार (वेतन बुकिंग अनुसार)
मिलने का समय : प्रातः 11.00 से सायं 5.00 बजे तक (कार्यदिवस को)
अपना बायोडाटा मोबाइल नं. 9253681005 पर व्हट्सअप करें या hbcircurtk@gmail.com मेल करें।
सम्पर्क करें :- हरिभूमि कार्यालय
बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 8814993443, 9253681005